# सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर, जि. ठाणे

## हिन्दी विभाग

## वार्षिक गतिविधियाँ

## 2024-25

**महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो इस हेतु इस वर्ष हिन्दी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। ये गतिविधियाँ निम्नांकित है-**

### ❖ शैक्षिक यात्रा का आयोजन

दिनांक 13 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग और इतिहास विभाग द्वारा किल्ले विश्रामगढ़, सिन्नर की एक दिवसीय शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातात्त्विक धरोहर से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महाराष्ट्र के ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देना, किले की स्थापत्य शैली, उसके ऐतिहासिक महत्व तथा पुरातात्विक विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था।

इस शैक्षिक यात्रा ने विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय सभ्यता के ऐतिहासिक महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। इसके साथ ही, यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही, जिससे उन्होंने अपने शैक्षिक दृष्टिकोण को और अधिक व्यापक किया।

*****************************